**MCO-05**

04632

# MASTER OF COMMERCE

## Term-End Examination

## June, 2011

# MCO-05 : ACCOUNTING FOR MANAGERIAL DECISIONS

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Attempt **any five** questions. All questions **carry equal** marks.*

1. Define Accounting. How does it help interested parties in business ? Also explain briefly the objective of accounting. **5+10+5=20**

2. Explain the role of Ratio Analysis in the interpretation of financial statements. Also state the limitations of ratio analysis. **10+10=20**

3. What do you mean by Funds Flow Statement ? Prepare a statement of sources and applications of funds by taking an imaginary Balance Sheet. **8+12=20**

4. Explain briefly the terms 'Standard Cost' and 'Standard Costing'. Enumerate the advantages and limitations of standard costing system. **6+14=20**

5. "A manager requires information about the past to control and plan for the future." Comment upon this statement and state how budgeting helps in this respect ? **10+10=20**

6. Define 'marginal costing'. What is its utility in a large manufacturing concern ? **8+12=20**

7. (a) How is the tax liability determined in a Company ? **8+12=20**

   (b) Trial Balance of AB Ltd. as on 31st March 2009 (Extracts)

| Name of Account | Dr. (₹) | Cr. (₹) |
|---|---|---|
| Advance Income-tax for 2007-08 | 2,20,000 | |
| Advance Income-tax for 2008-09 | 2,30,000 | |
| Provision for Income-tax 2007-08 | | 2,00,000 |

<u>Adjustments</u> :

(i) The income-tax assessment for 2007-08 completed during the year showed gross tax demand of ₹ 2,40,000 but no effect has been given for this in accounts.

(ii) Provision for income tax is to be made for ₹ 2,10,000 for 2008-09.

Show relevant extracts in the Final Accounts of 2008-09.

8. AB company manufactures two products X and Y and sells them through two zones East and West. From the following information, prepare a Sales Budget showing the budgeted and actual sales of current year. **20**

| Product | Budgeted Sales | | Actual Sales | |
|---|---|---|---|---|
| | East | West | East | West |
| X | 4,000 @ ₹ 9 | 6,000 @ ₹ 9 | 5,000 @ ₹ 9 | 7,000 @ ₹ 9 |
| Y | 3,000 @ ₹ 21 | 5,000 @ ₹ 21 | 2,000 @ ₹ 21 | 4,000 @ ₹ 21 |

Adequate market studies reveal that product X is popular but underpriced. It is observed that if the price of X is increased by ₹ 1, it will still find a ready market. On the other hand, Y is overpriced and the market could absorb more if sale price of Y is reduced by ₹ 1. The management has agreed to give effect to the above price changes.

As a result of the above decisions, the following estimates have been prepared by Zonal Managers :

| Product | East | West |
|---|---|---|
| X | + 10% | + 5% |
| Y | + 20% | + 10% |

With the help of an intensive advertisement campaign, the following additional sales over the estimated sales of zonal managers are possible

| Product | East | West |
|---|---|---|
| X | 600 | 700 |
| Y | 400 | 500 |

9. A company produces a product from a single material. It operates a standard costing system and furnishes you the following information :

**5+5+5+5=20**

| **Particulars** | **Budget** | **Actual** |
|---|---|---|
| Production in units | 800 | 600 |
| **Materials :** | | |
| Total quantity (kg.) | 1,600 | 1,300 |
| Total amount | ₹ 32,000 | ₹ 27, 300 |
| **Labour :** | | |
| Total Hours | 240 | 200 |
| Total amount | ₹ 3,000 | ₹ 3,000 |

You are required to compute the following variances :

(a) Material Price Variance

(b) Material Usage Variance

(c) Labour Rate Variance

(d) Labour Efficiency Variance

**एम.सी.ओ.-05**

# वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2011

## एम.सी.ओ.-05 : प्रबंधकीय निर्णयों के लिए लेखांकन

*समय : 3 घंटे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** ***किन्हीं पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिये।* ***सभी*** *प्रश्नों के* ***अंक समान*** *हैं।*

1. लेखांकन को परिभाषित कीजिये। व्यवसाय में हित रखने वाले पक्षकारों की यह किस प्रकार सहायता करती है? लेखांकन के उद्देश्य की संक्षेप में व्याख्या कीजिये। **5+10+5=20**

2. वित्तीय विवरण निर्वचन में अनुपात विश्लेषण की भूमिका की व्याख्या कीजिए। अनुपात विश्लेषण की सीमाओं का भी उल्लेख कीजिए। **10+10=20**

3. कोष प्रवाह विवरण से आप क्या समझते हैं? एक कल्पनात्मक आर्थिक चिट्ठे से कोष के स्त्रोतों तथा उपयोगों का एक विवरण तैयार कीजिये। **8+12=20**

4. 'प्रमाप लागत' और 'प्रमाप लागत विधि' शब्दों की संक्षेप में व्याख्या कीजिये। प्रमाप लागत विधि के लाभों और सीमाओं का भी उल्लेख कीजिये। **6+14=20**

5. ''एक प्रबन्धक नियंत्रण के लिये और भावी नियोजन के लिये भूतकाल से सम्बन्धित सूचना चाहता है।'' इस कथन की आलोचना करते हुये बताइये कि बजटिंग इस सम्बन्ध में क्या सहायता प्रदान कर सकती है? **10+10=20**

6. सीमान्त लागत लेखाविधि को परिभाषित कीजिये। किसी बड़े निर्माणी संस्थान में इसकी क्या उपयोगिता है? **8+12=20**

7. (a) एक कम्पनी के कर दायित्व का निर्धारण किस प्रकार किया जाता है? **8+12=20**

   (b) ए.बी. लिमिटेड के 31 मार्च 2009 को तलपट (अंश) :

| खाते का नाम | डेबिट(₹) | क्रेडिट(₹) |
|---|---|---|
| 2007-08 के लिये अग्रिम आयकर - | 2,20,000 | |
| 2008-09 के लिये अग्रिम आयकर - | 2,30,000 | |
| 2007-08 के लिये आयकर हेतु प्रावधान | | 2,00,000 |

समायोजन :

(i) वर्ष के दौरान पूर्ण हुये 2007-08 के आयकर निर्धारण में सकल कर दायित्व ₹ 2,40,000 तय हुआ, परन्तु इस सम्बन्ध में लेखों में कोई प्रविष्टि नहीं की गई है।

(ii) 2008-09 के लिये ₹ 2,10,000 का आयकर हेतु प्रावधान करना है।

2008-09 वर्ष के अन्तिम खातों में आवश्यक प्रविष्टियाँ दिखाइए।

8. ए.बी. कम्पनी 'X' और 'Y' दो उत्पाद बनाती हैं और उन्हें दो क्षेत्रों पूर्व एवं पश्चिम में विक्रय करती हैं। निम्नलिखित सूचनाओं से बजट की गई और वास्तविक बिक्री दिखलाते हुये चालू वर्ष के लिये विक्रय बजट तैयार कीजिये। **20**

| उत्पाद | बजट की गई बिक्री | | वास्तविक बिक्री | |
|---|---|---|---|---|
| | पूर्व | पश्चिम | पूर्व | पश्चिम |
| X | 4,000 @ ₹ 9 | 6,000 @ ₹ 9 | 5,000 @ ₹ 9 | 7,000 @ ₹ 9 |
| Y | 3,000 @ ₹ 21 | 5,000 @ ₹ 21 | 2,000 @ ₹ 21 | 4,000 @ ₹ 21 |

बाजार के पर्याप्त अध्ययन से ज्ञात हुआ कि X वस्तु अधिक प्रसिद्ध है लेकिन अल्प मूल्यांकित है। यह देखा गया है कि यदि X का मूल्य एक रूपये से बढ़ा दिया जाए तो भी इस वस्तु की अच्छी बिक्री होगी। दूसरी ओर Y वस्तु ग्राहकों के लिये अधिक मूल्यांकित है तथा इसका मूल्य एक रुपये से कम करने पर ही अधिक विक्रय हो सकेगा।

इन मूल्य परिवर्तनों के लिये प्रबन्धक सहमत हो गये। उपरोक्त निर्णयों के आधार पर क्षेत्रिय प्रबन्धकों द्वारा निम्नांकित अनुमान तैयार किये गये :

| उत्पाद | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|
| X | + 10% | + 5% |
| Y | + 20% | + 10% |

गहन विज्ञापन कार्यक्रम के सहयोग से क्षेत्रिय प्रबन्धकों द्वारा अनुमानित बिक्री के अतिरिक्त निम्नांकित अतिरिक्त बिक्री सम्भव है :

| उत्पाद | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|
| X | 600 | 700 |
| Y | 400 | 500 |

9. एक कम्पनी एक सामग्री के प्रयोग से उत्पाद का निर्माण करती है। यह प्रमाप लागत लेखा विधि अपनाती है तथा आपको निम्नलिखित सूचनायें प्रदान करती है : **5+5+5+5=20**

| **विवरण** | **बजट** | **वास्तविक** |
|---|---|---|
| उत्पादन (इकाइयों में) | 800 | 600 |
| **सामग्री :** | | |
| कुल मात्रा (किग्रा.) | 1,600 | 1,300 |
| कुल राशि | ₹ 32,000 | ₹ 27,300 |
| **श्रम :** | | |
| कुल घण्टें | 240 | 200 |
| कुल राशि | ₹ 3,000 | ₹ 3,000 |

आपको निम्न विचरणों की गणना करनी है :

(a) सामग्री मूल्य विचरण

(b) सामग्री प्रयोग विचरण

(c) श्रम दर विचरण

(d) श्रम कार्यक्षमता विचरण

---